NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-203, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 29 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# अलविदा अजित पवार

## पंचतत्व में हुए विलीन, दोनों बेटों ने मुखाग्नि दी

### शाह-भाजपा अध्यक्ष रहे मौजूद, गोवा सीएम-आंध्र के मंत्री भी शामिल

**बारामती।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद गुरुवार यानी आज उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उनके बेटों पार्थ पवार और जय पवार ने उन्हें मुखाग्नि दी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बारामती पहुंचे हैं। इस दौरान भारी जनसैलाब उन्हें अंत्म विदाई देने पहुंचा। लोग मंच के सामने अजित दा अमर रहे के नारे लगाते रहे। इससे पहले अजित पवार के पार्थिव शरीर को बुधवार शाम पुणे जिले के बारामती स्थित एक शिक्षण संस्थान में लाया गया था। इस दौरान, शोक संतप्त राकांपा कार्यकताओं के अलावा स्थानीय निवासी काफी संख्या में वहां एकत्र थे।



अजित पवार और चार अन्य लोगों की बुधवार सुबह पुणे जिले में बारामती हवाई अड्डे के पास विमान दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब विमान जिले के बारामती में उतर रहा था। अजित पवार (66) के निधन से न केवल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में एक बड़ा खालीपन पैदा हुआ है, बल्कि उनकी अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विमान से बरामद किए जाने वाले ब्लैक बॉक्स (जिसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं) का विश्लेषण किया जाएगा।

## क्रैश विमान का मिला ब्लैक बॉक्स

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का विमान हादसे में निधन हो गया। इस दर्दनाक घटना के एक दिन बाद क्रैश हुए प्लेन का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिए गए हैं। जहां विमान क्रैश हुआ, उस जगह पर डीजीसीए और फोरेंसिक के अधिकारी जांच में जुटे हैं। टीम ने पूरे घटनास्थल की गहन जांच पड़ताल की है। इससे पहले अधिकारियों ने अपने बयान में बताया था कि अगर क्रैश विमान का ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा मिल जाता है, तो हादसे की वजह बनने वाली घटनाओं के सही क्रम का पता लगाने के लिए उनकी जांच की जाएगी। ऐसे में अब दिल्ली की शरफएविएशन कंपनी के विमान लर्नजेट 45 का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'बारामती के पास हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे के बाद, सभी जरूरी बचाव और जांच तंत्र तुरंत एक्टिव कर दिए गए थे। एक पूरी पारदर्शी और समय पर जांच सुनिश्चित करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



## भरतपुर में हादसाः ट्रेलर में घुसी स्लीपर बस, 4 लोगों की दर्दनाक मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। कोहरे के कारण एक स्लीपर बस ट्रेलर में जा घुसी जिस कारण कई लोगों की मौत हो गई है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है और 5 अन्य लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे में घायल एक शख्स रामवीर ने अपनी पत्नी और 8 साल के बेटे को खो दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार अलसुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया।

## यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ऐसे में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगी दी। अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी रेगुलेशन, 2026 पर रोक लगा दी है, जिसे 23 जनवरी, 2026 को नोटिफाई किया गया था। इसे कई याचिकाकताओं ने मनमाना, भेदभावपूर्ण और संविधान के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट, 1956 का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था हो। यूजीसी के नए नियम पर कमेटी बनाई जा सकती है। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। याचिकाकताओं का तर्क है कि ये नियम सामान्य वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

### सीजेआई ने कहा- क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे हैं

# हिमाचल में बर्फबारी, 889 सड़कें बंद

## उत्तराखंड में सड़कों पर 4 फीट बर्फ; राजस्थान-यूपी और बिहार में बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान -6 डिग्री सेल्सियस से -1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम -6.1डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

बर्फबारी के कारण हिमाचल में चार नेशनल हाईवे सहित कुल 885 सड़कें और 3 हजार से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। पाइपलाइन में पानी जमने से वाटर सप्लाई भी बंद हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। इधर, उत्तराखंड में दो दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद आज धूप खिली है। हालांकि, बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में सड़कों पर अभी भी 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी है। चमोली के औली में बुधवार को लगभग 2 फीट बर्फ गिरी। राज्य में एवलांच का खतरे का अलर्ट जारी किया गया है।

पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी दिख रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में फिर से सर्दी और कोहरे का असर बढ़ गया है। यूपी के गोरखपुर में गुरुवार सुबह बारिश हुई। कल अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बारिश हुई थी।

बिहार के 5 जिलों में आज रात बारिश हो सकती है। इसके बाद तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ेगी। बुधवार को बिहार का भागलपुर 7.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा जिला रहा। इधर, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 31 जनवरी से आंधी-बारिश का अलर्ट है।



### अन्य राज्यों में मौसम का हाल



उत्तर प्रदेश के अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बुधवार को बारिश हुई है। संभल में क्लास 8 तक और सिद्धार्थनगर में क्लास 12 तक के स्कूल आज बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग ने 29 जिलों में आज ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया है। पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के भिवानी में पारा 5.5 डिग्री तक गिर गया। चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा छाया रहा। यूपी में ओले-बारिश के बाद एक बार फिर सर्दी और कोहरे की वापसी हुई है। गुरुवार सुबह लखनऊ, आगरा, अलीगढ़ समेत 15 जिलों में कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी 10 मीटर तक पहुंच गई। सड़कों के किनारे जगह-जगह लोग अलाव जलाते दिखाई दिए। गोरखपुर में हल्की बूंदाबांदी हुई। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कड़ाके की सर्दी और कोहरे की संभावना जताई है

शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा, किन्नौर, सिरमौर, कांगड़ा जिले के ऊपरी इलाकों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। मनाली में भारी बर्फबारी हुई है। वहीं शिमला शहर में भी रात को बर्फबारी हुई। पर्यटन स्थल कुफरी, खज्जियार, शिमला, नारकंडा, मनाली बर्फ से लद गए हैं। बर्फबारी से शिमला, कुल्लू, लाहौल स्पीति और चंबा समेत अन्य जिलों में करीब 500 सड़कें अभी भी बाधित हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों का शानदार नजारा पर्यटकों को अपनी आकर्षित कर रहा है। बर्फ के दीदार के लिए बड़ी संख्या में सैलानी, शिमला, मनाली, खज्जियार पहुंचे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज भी राज्य के उच्च पर्वतीय कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान जताया गया है। बर्फबारी से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। राज्य में सैकड़ों सड़कें बाधित हैं। कई इलाकों में शीतलहर फिर तेज हो गई है।

# भाजपा की सरकार में न्याय की आशा नहीं



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी पहुंचकर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। अपने लोगों ने तो संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा। इसके बाद काशी वापस लौट गए हैं। इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है।

यूजीसी के नए नियमों पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है। सनातन धर्म में जातियां हैं, जातियां इसलिए नहीं हैं कि एक दूसरे से लड़ें, ये इसलिए है कि सभी लोगों की आजीविका सुरक्षित रहे। ये पुराने लोगों की बनाई गई परंपरा है। अब यूजीसी के सहारे इन लोगों ने एक जाति को दूसरे जाति के सामने लाकर खड़ा कर दिया है। इससे आपस में लड़कर उनको मरना ही मरना है।

# चंडीगढ़ के नए मेयर बने सौरभ जोशी



**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को आज अपना नया मेयर मिल गया है। भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के सौरव जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर निर्वाचित हुए हैं। आज आयोजित मेयर चुनाव की प्रक्रिया के तहत नगर निगम के सभी पार्षद सदन में पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ।

गुरुवार को 11 बजे मेयर चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। इस चुनाव में बीजेपी ने बाजी मार ली। अभी सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर के लिए वोटिंग होगी। बीजेपी के सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं। उन्हें 18 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी को 11 और कांग्रेस के खाते में 7 वोट आए। सबसे पहले कांग्रेस के पार्षदों ने वोट डाले। कांग्रेस प्रत्याशी गुरप्रीत गब्बी के समर्थन में 7 वोट मिले, जिनमें 6 पार्षदों के वोट शामिल रहे, जबकि सातवां वोट सांसद मनीष तिवारी का बताया गया।

वहीं, बीजेपी की ओर से मेयर पद के उम्मीदवार सौरव जोशी को कुल 18 वोट पड़े। बहुमत हासिल करने के साथ ही सौरव जोशी ने मेयर पद पर जीत दर्ज ली।

# दिल्ली में पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पांच स्कूलों को बृहस्पतिवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद स्कूल परिसरों को खाली कराया गया और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। दिल्ली फायर सर्विसेज ने पुष्टि की कि दिल्ली कैंट स्थित लोरेटो कॉन्वेंट, चितरंजन पार्क का डॉन बॉस्को और आनंद निकेतन व द्वारका स्थित कार्मेल कॉन्वेंट के परिसरों को धमकी मिली है।

वहीं, लोधी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय ने छात्रों के अभिभावकों को संदेश भेजकर सुरक्षा खतरे की जानकारी दी। पुलिस और दमकल विभाग को तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद स्कूलों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई और एंटी सबोटाज जांच की गई। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि हमारी टीमें मौके पर मौजूद हैं और तय मानक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, हालांकि तलाशी अभियान जारी है।

### इकोनॉमिक सर्वे से पहले पीएम मोदी का संबोधन

# सरकार की पहचान रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा, 'देश का ध्यान बजट की तरफ होना स्वाभाविक है, लेकिन सरकार कि पहचान रही है कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफोर्म।

सांसदों को धन्यवाद देता हूं कि वो इस तरफ लगातार काम कर रहे हैं। हमारे हर निर्णय में देश की प्रगति लक्ष्य है। हमारे सारे फैसले ह्यूमन सेंट्रिक हैं। हमारे योजनाएं ह्यूमन सेंट्रिक हैं। हम टेक्नोलॉजी को आत्मसात भी करेंगे, लेकिन साथ-साथ हम मानव केंद्रित व्यवस्था को कम नहीं आकेंगे। भारत की डेमोक्रेसी और डेमोग्राफिक से आज दुनिया की बहुत बड़ी उम्मीद है। विश्व इसका जरूर स्वागत करता है और स्वीकार भी करता है। देश आज आगे बढ़ रहा है। देश आज व्यवधान का नहीं, समाधान की तरफ बढ़ रहा है। आज भूमिका व्यवधान के माध्यम से रोकर बैठने की नहीं, हिम्मत के साथ समाधान वाले फैसले लेने की है। पीएम ने कहा, 'मेरे देश के मैन्यूफैक्चरर के लिए यूरोपियन यूनियन का बहुत बड़ा बाजार खुल गया है। अब सस्ते में हमारा माल वहां पहुंचेगा। यह अवसर है। इसका पहला मंत्र होता है कि हम क्वालिटी पर बल दें। अच्छी से अच्छी क्वालिटी लेकर बाजार में जाएं।

उन्होंने कहा कि इससे यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के खरीदारों का दिल जीत लेंगे। इसका प्रभाव दशकों तक रहेगा। कंपनियों का ब्रांड देश के ब्रांड के साथ नए गौरव को प्रस्तावित करता है। पीएम मोदी ने कहा,'वित्त मंत्री निर्मला जी देश की पहली महिला वित्त मंत्री हैं जो लगातार 9वीं बार देश के संसद में बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का प्रारंभ बहुत ही पॉजिटिव नोट पर शुरू हुआ है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# आगरा में आधी रात को ठांय-ठांय







## राज चौहान हत्याकांडः आगरा पुलिस की कार्रवाई में मुख्य आरोपी अरबाज मंसूरी ढेर, आशु और मोहित के पैर में लगी गोली

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस में जेल से छूटे आरोपी राज चौहान की गोली मारकर हत्या करने के दो आरोपियों आशु तिवारी और मोहित पंडित को बुधवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रांस यमुना और डौकी इलाके में हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गए। वहीं तीन आरोपी अरबाज खान उर्फ मंसूरी, विष्णु पंडित, आकाश प्रजापति मौका पाकर भाग गए। हालांकि पुलिस ने देर रात उनकी घेराबंदी कर ली। पुलिस ने मुख्य आरोपी अरबाज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद तमंचे की बरामदगी के लिए ले जाते समय टेड़ी बगिया क्षेत्र में कांशीराम आवास के पास आरोपी ने उपनिरीक्षक की सरकारी पिस्टल छीन ली और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में आरक्षी मनोज कुमार और उपनिरीक्षक ऋषि घायल हो गए, जबकि थाना प्रभारी ट्रांस यमुना हरेन्द्र गुर्जर और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप के बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अरबाज खान को छाती और दाहिने पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल पुलिसकर्मियों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार अरबाज खान का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

घटना 23 जनवरी को हुई थी। ट्रांस यमुना इलाके में जलेसर मार्ग पर एसएन स्टे गेस्ट हाउस है। सादाबाद के गांव बेदई निवासी राज चौहान की सात गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। वह दो दिसंबर को ही जेल से छूटकर आया था। उसने जेल से जमानत पर आने के बाद जुलूस निकाला था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। कई लोगों को गिरफ्तार किया था। राज चौहान दबंगई दिखा रहा था। जुआ लूट लिया था। पुलिस की जांच में पता चला था कि उसकी क्षेत्र के रंगबाजों से ठन गई थी।

तीन दिन पहले एक गुट ने एलान किया था कि जो जिंदा रहेगा, वही राज करेगा। इसके बाद ही हत्याकांड को अंजाम दिया गया। अज्ञात में हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई। पुलिस ने कई दिन की पड़ताल के बाद अपराधियों को चिह्नित किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश भी दी जा रही थी। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि हत्याकांड में शामिल पांच बदमाशों को चिह्नित किया गया है। इनमें आशु तिवारी, अरबाज खान उर्फ मंसूरी, विष्णु पंडित, आकाश प्रजापति और मोहित पंडित के बारे में पता चला। वह घरों से भाग गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए चार टीम लगी थीं। सभी आरोपियों पर मंगलवार को 25-25 हजार रुपये इनाम भी घोषित किया गया।

पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी थी। सबसे पहले रात 1 बजे थाना ट्रांस यमुना इलाके में खत्ता घर के पास पुलिस ने मोहित पंडित को पकड़ा। वह बाइक से जा रहा था। पुलिस के घेरने पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। बाइक भी मिली। आरोपी मूलरूप से एटा का रहने वाला है। वर्तमान में ट्रांस यमुना इलाके में रह रहा था। इसके बाद डौकी थाना क्षेत्र में आशु तिवारी को घेर लिया गया। उसने बचने का प्रयास किया। पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पास से तमंचा भी बरामद किया। इसके बाद वहीं तीन साथी अरबाज, विष्णु और आकाश भी आरोपियों के साथ थे। वो भाग निकले। उनकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। पुलिस ने घेराबंदी की हुई थी। वह रकम के इंतजाम के लिए आगरा आए थे। इसके बाद दूसरे जिले में जाने की तैयारी कर चुके थे।



### दरोगा और सिपाही को भी लगी गोली

### थानाध्यक्ष की बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई जान



### यमुनापार में वर्चस्व की जंग, 34 से ज्यादा दबंग पुलिस के रडार पर

राज चौहान की हत्या महज एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि यमुनापार इलाके में चल रही वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा थी। पुलिस की शुरूआती जांच में यही सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने क्षेत्र के 34 से अधिक दबंगों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार कर ली है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही एक-एक कर सभी पर कार्रवाई होगी और जेल भेजा जाएगा। तैयार की गई सूची में शिवम, भोला, मलिक, दीपक, वरुण, रोहित फौजी, आर्यन, राज बड़ा, कन्हैया, उदय, रमता, हिमांशु, विशाल, सनी परमार, दीपू, सूखा और विशाल जाटव जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा एक दूसरे गिरोह का भी खुलासा हुआ है, जिसमें अरबाज उर्फ मंसूरी, कुलदीप, मोहित पंडित, आकाश प्रजापति, विष्णु पंडित, मनीष जाटव, आदिल, ऋषभ, अरमान और जहीर के नाम सामने आए हैं। पुलिस इन सभी के आपराधिक इतिहास और मौजूदा गतिविधियों की जांच में जुटी है।

### लखनऊ के निर्देश पर हिस्ट्रीशीटर भी सूची में शामिल!

पुलिस के अनुसार, मृतक राज चौहान की मां ने पूछताछ के दौरान दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों के नाम बताए थे। इनमें से एक का नाम उन्होंने भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के समक्ष भी सार्वजनिक रूप से लिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लखनऊ से निर्देश मिलने के बाद अब इस हिस्ट्रीशीटर को भी आधिकारिक सूची में शामिल कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि उसका भी राज चौहान से पुराना विवाद था और इलाके में उसका खासा दबदबा है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि वह फिलहाल कहां है।

**"सीसीटीवी और सर्विलांस से मिली अहम सफलता"**

होटल में हुए हत्याकांड के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद ली। इसी तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। एडीसीपी आदित्य सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने लगातार दबिश देकर आरोपियों तक पहुंच बनाई।



# बारिश के बाद बदला मौसम, कोहरे के साथ बनी कोल्ड डे कंडीशन

एनएनआई

**आगरा।** सर्दी ने फिर से लोगों की कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर दी है। मंगलवार को पूरे दिन हुई बारिश का असर अभी भी बना हुआ है। बुधवार को भी जहां पूरे दिन बादलों का डेरा लगा रहा तो वहीं आज गुरुवार को सुबह के समय कोहरा छाया रहा। दिन निकलने के साथ ही कोल्ड डे कंडीशन बनी रही। इसका असर तापमान पर भी पड़ा है। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तो वहीं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा है। गुरुवार को कई दिनों बाद दिखे कोहरे के कारण सुबह की सर्दी में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने ठंड का एहसास और बढ़ा दिया। सुबह के समय लोगों को गलन भरी सर्दी महसूस हुई। कई स्थानों पर लोग अलाव तापते देखे गए। कोहरे के कारण वाहनों की गति धीमी रही, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई।

## आलू किसानों की बढ़ी धड़कन

बेमौसम बारिश की मार से खेतों में फल-फूल रहे सब्जियों के राजा (आलू) की फसल और किसान दोनों संकट में आ गए हैं। क्षेत्र में मंगलवार को दिनभर रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण बुधवार को दूसरे दिन भी आलू उत्पादक किसानों की धुकधुकी चलती रही। मौसम के करवट लेने पर अचानक हुई बारिश और मौसम विभाग के ओले गिरने की आशंका ने खेतों में खड़ी फसलों को देख अन्नदाता की धड़कनें और बढ़ा दी हैं। आसमान में घने काले बादल छाए रहे। गांव छोटा सुरहरा निवासी किसान सुरेश चंद्र सुबह से आसमान की ओर टकटकी लगाए रहे। उन्होंने बताया पहले यमुना नदी के उफान ने सब्जी और बाजरा की फसल चौपट कर दी। फिर खेतों में अधिक नमी के कारण आलू की बुआई देर से हुई। बुआई के समय भी लगातार बारिश ने फसल को कमजोर कर दिया।

# आरओ प्लांट की आड़ में तैयार होती थी नशे की खेप

एनएनआई

**कागारौल।** थाना क्षेत्र के अकोला गांव में आरओ प्लांट की आड़ में नकली शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को कार में सप्लाई के लिए माल ले जाते समय गिरफ्तार किया। पुलिस को फैक्टरी पहुंचता देख चौथे ने स्प्रिट से भरे ड्रम में आग लगा दी। उसे भी पकड़ लिया गया। भारी मात्रा में नकली शराब और अन्य सामान बरामद किया गया है।

एडीसीपी सिटी आदित्य कुमार ने बताया कि पुलिस को तस्करों के नकली शराब लेकर जाने की सूचना मिली थी। अकोला के लालऊ पुल के पास बिना नंबर की काले रंग की कार को रोक अछनेरा के रायभा के मंगुर्रा गांव के नरेश, उसके भाई उम्मेद सिंह और न्यू आगरा के नगलापदी निवासी प्रशांत को गिरफ्तार किया गया।

कार से 74 पेटी में इंपीरियर ब्लू ब्रांड के 3552 क्वार्टर नकली शराब बरामद हुई। निशानदेही पर अकोला में सत्यप्रकाश के घर पर छापा मारा गया। पुलिस को देखते ही सत्यप्रकाश ने शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली स्प्रिट के ड्रम में आग लगाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस टीम ने आग बुझाई और मौके से 50 लीटर स्प्रिट, 89 खाली बोतलें, एक बोरी भर के ढक्कन बरामद किए।

पूछताछ में आरोपी नरेश ने बताया कि वह पूर्व में राजस्थान में नकली शराब बनाने के मामले में पकड़ा गया था। छूटने के बाद हरियाणा,पलवल के हूंडल निवासी धर्मवीर से मुलाकात हुई। धर्मवीर ने खाली बोतलें, ढक्कन, सील और लेबल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली। इसके बाद उसने अपने भाई उम्मेद और साले प्रशांत के साथ नकली शराब बनाने की सोची। अकोला के नगला कमाल के निवासी कृष्णा के जरिये सत्यप्रकाश से मुलाकात हुई। सत्यप्रकाश अपने खेतों में बने मकान में फैक्ट्री और गोदाम बनाने को राजी हो गया। किसी को शक नहीं हो, इसके लिए उसने घर में आरओ प्लांट लगवाया। सात दिन पहले उन्होंने नकली शराब तैयार करना शुरू किया।



पुलिस ने पकड़ी नकली शराब की फैक्टरी, चार अभियुक्त किए गिरफ्तार

## असली में मिलाते थे स्प्रिट

आरोपी नरेश पूर्व में राजस्थान में शराब की दुकान में काम कर चुका था। उसको शराब में मिलावट करना अच्छे से आता था। नरेश ने बताया कि एक लीटर स्प्रिट में वह एक बोतल (750 एमएल) असली शराब मिलाते थे। इसके बाद उसमें रंग और पानी मिलाकर नकली मिलावटी शराब तैयार करते थे। तैयार माल को लेबल लगी बोतलों में भरने के बाद उसपर नया ढक्कन और सील लगाकर पेटियों में रखकर सप्लाई करना था। इस नकली शराब को पीने वालों को लीवर, कैंसर, हाई ब्लडप्रेशर और हृदय संबंधी रोग हो सकते थे। स्प्रिट की अधिकता होने से शराब जहरीली भी हो सकती थी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## चार्जिंग के बाद ई-बाइक में विस्फोट, आग से मची अफरातफरी

**आगरा** एनएनआई। खंदौली थाना क्षेत्र के गांव सेमरा में एक ई-बाइक में अचानक जोरदार विस्फोट हो जाने से अफरा तफरी मच गई। विस्फोट के तुरंत बाद ई-बाइक में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए। पीड़ित ई-बाइक मालिक चरण सिंह परमार और हरिमोहन सिंह परमार ने बताया कि उन्होंने करीब छह माह पूर्व ई-बाइक खरीदी थी। बीती रात ई-बाइक को चार्जिंग पर लगाया था। चार्जिंग के बाद ई-बाइक को घर के अंदर कमरे में खड़ा कर दिया। सुबह ई-बाइक को स्टार्ट किया, तो तेज धमाके आवाज के साथ ई-बाइक में आग लग गई। आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर घर में रखे जरूरी कागजात, कपड़े, टीवी, फ्रिज सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। आग लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## होलिका दहन चबूतरे पर चला नगर निगम का बुलडोजर, पार्षद और राजस्व निरीक्षक में हाथापाई

एनएनआई

**आगरा।** वार्ड 77 स्थित चमरौली क्षेत्र में होलिका दहन स्थल पर बने चबूतरे को हटाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम की कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय पार्षद और निगम कर्मचारी के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर बदतमीजी और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची थी, जिसका पार्षद द्वारा विरोध किया गया। इसके बावजूद चबूतरे को ध्वस्त कर दिया गया। पार्षद ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान वर्षों से होलिका दहन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है और इससे उनकी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। चबूतरे को तोड़े जाने से लोगों में नाराजगी है और इसे आस्था से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद नगर निगम कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में प्रशासन को संवेदनशीलता और संवाद के साथ कदम उठाना चाहिए।



मामला अब जांच के दायरे में है और संबंधित अधिकारियों द्वारा पूरे प्रकरण की पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा।

## हमले व फायरिंग का आरोपी भेजा जेल

**आगरा** एनएनआई। थाना न्यू आगरा के चार खंभा, ओम नगर में 24 जनवरी को साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र के युवक पर दिनदहाड़े लाठी-डंडों से हमला और फायरिंग के आरोपी अजीत शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस भागे हुए साथियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि चार खंभा निवासी राहुल कश्यप ने पुलिस से 24 जनवरी दोपहर जानलेवा हमले की शिकायत की थी। पुलिस को मौके से कारतूस के खाली खोखे बरामद हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर ओमनगर के अजीत शर्मा, साथी तन्नू, सौरभ और बिन्नी के अलावा 10 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच में आरोपी अजीत के वर्ष 2013 में हत्या के आरोप में 15 वर्ष की सजा काटने के बाद रिहा होने की भी जानकारी मिली थी। बुधवार को नगला बूढ़ी के पास से आरोपी अजीत को गिरफ्तार किया गया।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 29 जनवरी, 2026


# किसकी शह पर 12 साल से चल रहा बिना मान्यता के विद्यालय

- फर्जी स्कूल पर बेसिक शिक्षा विभाग का आशीर्वाद
- एक शिक्षा अधिकारी के वरदहस्त का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** पिछले 12 साल से शिक्षा विभाग के रहमो-करम से बिना मान्यता के संचालित विद्यालय के खिलाफ पापा संस्था ने बिगुल फूंका है। किरावली क्षेत्र में संचालित एक पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस कथित फर्जीवाड़े और प्रशासनिक संरक्षण से जुड़े मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

टीम पापा के अनुसार विद्यालय संचालन करने वाली सोसायटी का नवीनीकरण वर्ष 2011 में ही समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद वर्ष 2012 में कथित सांठगांठ के माध्यम से विद्यालय को मान्यता दिलाई गई। जबकि उस समय सोसायटी विधिक रूप से वैध ही नहीं थी। वर्ष 2015 में विद्यालय की मान्यता समाप्त हो गई। इसके बाद न तो नई मान्यता प्राप्त की गई और न ही मान्यता संबंधी आवश्यक शर्तों का पालन किया गया। विद्यालय के पास न तो मान्यता की एनओसी है और न ही खेल का मैदान जैसी बुनियादी आवश्यकताएं। यही नहीं वर्ष 2015 में विद्यालय की भूमि का एक हिस्सा बिना शिक्षा विभाग की अनुमति के किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया। इसके साथ ही भूमि से जुड़ा लीज एग्रीमेंट भी स्वतः निरस्त हो गया। इसके बाद भी नियमों को ताकि पर रखकर विद्यालय चलाया जा रहा है। टीम पापा के अनुसार शिक्षा निदेशक लखनऊ द्वारा जुलाई 2025 में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन वह भी हवा हवाई हो गए। इसको लेकर प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस (पापा एनजीओ) द्वारा कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार शिक्षा अधिकारी ने जांच को प्रभावित करते हुए पुराने और अमान्य लीज एग्रीमेंट के कागज आगे बढ़ा दिए गए। जबकि स्थलीय जांच नहीं की गई और न ही राजस्व रिकॉर्ड से भूमि की वर्तमान स्थिति की पुष्टि की गई। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आगरा द्वारा उक्त शिक्षा अधिकारी को विद्यालय की स्थलीय जांच के आदेश दिए गए। इस पर भी लीपापोती की गई। इससे साबित होता है कि मामले को दबाने और विद्यालय को संरक्षण देने का प्रयास किया गया।? इसको लेकर पापा एनजीओ द्वारा 27 जनवरी को बेसिक शिक्षा कार्यालय आगरा के बाहर धरना शुरू किया गया। इसके बाद भी अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।




**टीम पापा की मांगे**

- दोषी शिक्षा अधिकारी का निलंबन।
- स्कूल प्रबंधन पर विभागीय और विधिक कार्रवाई की जाए।
- बिना मान्यता के चल रहे स्कूल को बंद करते सभी बच्चों को पास के स्कूल में समायोजित किया जाए।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर स्थित सुनवाई केन्द्रों का किया निरीक्षण

- नोटिस निस्तारण क लिए सभी एईआरओ और बीएलओ को दिए निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत तहसील सदर स्थित नोटिस सुनवाई केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आगरा दक्षिण व आगरा कैन्ट के सुनवाई केन्द्रों तथा जीआईसी पचकुईयां का दौरा किया, जहां नायब तहसीलदारों (एईआरओ) द्वारा सुनवाई का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण न होने वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों के प्राप्त कर्ताओं से मौके पर वार्ता की। उन्होंने उपस्थित एईआरओ को निर्देश दिए कि वे ससमय उपस्थित रहें, बैठने व पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा फ्लेक्सी बोर्ड लगाकर नियमानुसार सुनवाई करें। जीआईसी पचकुईयां में भी इसी प्रकार व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को निर्देशित किया कि मैपिंग प्रक्रिया को त्वरित गति प्रदान करते हुए लंबित नोटिसों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा,कोई भी मतदाता वंचित न रहे और एसआईआर अभियान का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि किसी वैध पहचान पत्र के साथ सुनवाई केन्द्रों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा मैपिंग करा सकते हैं, जिससे नोटिस का तत्काल निस्तारण हो जाएगा। यह व्यवस्था मतदाता सूची को सटीक एवं अद्यतन बनाने में सहायक होगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि वे तत्काल नजदीकी सुनवाई केन्द्रों पर पहुंचकर मैपिंग कराएं, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो।

# जिले में बनेंगे करीब 25 हजार नए राशन कार्ड

**ताजनगरी में हजारों पात्र परिवारों को मिलेगी खाद्य सुरक्षा की गारंटी**

- जनसेवा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन, आपूर्ति विभाग द्वारा किया जाएगा भौतिक सत्यापन

एनएनआई

**आगरा।** योगी सरकार 'अंत्योदय' के अपने संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठा रही है। ताजनगरी में खाद्य सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए अब करीब 25 हजार नए राशन कार्ड (लगभग एक लाख यूनिट) बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस निर्णय से जिले के उन हजारों पात्र परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जो लंबे समय से सरकारी राशन योजना का लाभ पाने की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अपात्रों के कार्ड निरस्त होने के बाद रिक्त हुई जगहों को अब वास्तविक जरूरतमंदों से भरा जा रहा है। जिले में अब तक करीब 10 हजार पात्र परिवारों के राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्तमान में आगरा जनपद में कुल राशन कार्डों की संख्या 7.30 लाख है, जिनमें से अंत्योदय कार्डों की संख्या 9567 है। प्रशासन ने नए राशन कार्ड के लिए स्पष्ट आय सीमा निर्धारित की है ताकि लाभ केवल पात्रों तक पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं शहरी नगर निकाय क्षेत्रों के लिए वार्षिक आय की सीमा 3 लाख रुपये निर्धारित की गई है। यदि किसी परिवार के पास चार पहिया वाहन या शस्त्र लाइसेंस जैसी वस्तुएं हैं, तो वे आवेदन के पात्र नहीं होंगे। जिले में राशन वितरण के लिए एक मजबूत नेटवर्क काम कर रहा है। जिले में कुल 1240 राशन की दुकानें हैं। इनमें से शहरी क्षेत्र में 340 और देहात (ग्रामीण) क्षेत्र में 900 दुकानें संचालित हैं, ताकि लोगों को उनके घर के पास ही अनाज मिल सके।

उत्तर प्रदेश सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित न रहे। आवेदन के बाद आपूर्ति विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में पात्र पाए जाने पर तत्काल डिजिटल राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा, जिससे अगले वितरण चक्र से उन्हें मुफ्त राशन मिलना शुरू हो जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है।

**आनंद कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी**

# पिया सिंह बनी मिस प्रिल्यूड और आराध्य सिंह बने मिस्टर प्रिल्यूड

एनएनआई

**आगरा।** विदाई अंत नहीं, बल्कि नई यात्राओं का आरंभ है। इसी प्रेरणास्पद संदेश के साथ ऐडियो फिएस्टा थीम पर आधारित आशीर्वाद समारोह का आयोजन प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं साक्षी भोजवानी, अनिरुद्ध भारद्वाज, अक्षर मिश्रा एवं अनन्या शर्मा द्वारा किया गया। समारोह का शुभारंभ कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित मनोरंजक खेल प्रतियोगिता से हुआ, जिसका संचालन हर्ष भारद्वाज ने किया। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, निदेशिका सुनीता गुप्ता एवं शलब गुप्ता ने मुख्य अतिथि अशोका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की चेयरपर्सन डॉ. रंजना बंसल तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्य प्रकाश जी का स्वागत किया। साथ ही निर्णायक मंडल में श्रीमती आँचल मगन (मार्केटिंग प्रोफेशनल), श्रीमती प्रेरणा शर्मा (चार्टर्ड सेक्रेटरी) एवं डॉ.आकृति गर्ग (कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट) का भी हार्दिक अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतरता एवं सकारात्मक चिंतन अपनाने का संदेश दिया तथा माता-पिता को जीवन का प्रथम गुरु बताया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ज्ञान-ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। दीप को एक-दूसरे को सौंपते हुए विद्यार्थियों ने ज्ञानपथ को सदैव आलोकित रखने का संकल्प लिया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी नृत्य एवं गायन ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. रंजना बंसल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद देते हुए आत्मविश्वासी बनने, चुनौतियों को स्वीकार करने तथा निरंतर ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।



# मातृ सम्मान भारतीय संस्कृति की आत्मा : डॉ.बवीता चौहान



■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने आयोजित किया सुंदरकांड पाठ व मातृ वंदन समारोह

एनएनआई

**आगरा।** शमशाबाद स्थित जीआर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं मातृ वंदन स्वागत समारोह का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया, पूर्व मंत्री राम सकल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया, मेयर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष हाथरस सीमा उपाध्याय, विधायक भगवान सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गिरजा देवी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत संगीतमय सुंदरकांड पाठ के माध्यम से सम्पूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत हो उठा।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 1500 महिलाओं को साड़ी वितरित की गई, जो मातृ सम्मान और सामाजिक संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मातृ वंदन समारोह हमारी परंपरा, संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व का सजीव उदाहरण है, जिससे महिलाओं को सम्मान के साथ अपनत्व का अनुभव होता है।

डॉ. बबिता चौहान ने कहा कि मातृ सम्मान भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जब समाज अपनी मातृशक्ति का सम्मान करता है, तभी सामाजिक संतुलन और नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है। उन्होंने कहा कि मातृ वंदन जैसे आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, सम्मान और सामाजिक सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की प्रेरणा देते हैं।

# शब्द, संवेदना और आत्मचिंतन का मंच

■ स्पाइसी शुगर संस्था ने किया सुप्रसिद्ध लेखक आलोक श्रीवास्तव के कहानी पाठ का आयोजन

एनएनआई




**आगरा।** जहाँ नजर की राह में बहुत कुछ था,पर ठहर जाना ही सबसे बड़ा सफर बन गया।....शब्द जब साधना बन जाएँ और कहानी श्रोता की अपनी लगने लगे, तब मंच केवल मंच नहीं रहता–वह आत्मा का दर्पण बन जाता है। ऐसा ही दृश्य होटल हॉलीडे इन में देखने को मिला, जहाँ स्पाइसी शुगर संस्था के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक आलोक श्रीवास्तव ने अपने विशिष्ट प्रस्तुति ह्यआलोकनामा झ्र सपनों का सफरह्ण कहानी पाठ से श्रोताओं को भीतर तक छू लिया। आलोक श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत रामलीला की पंक्तियों को गुनगुनाते हुए की– रामलीला को गुनगुनाने चले...और यहीं से उन्होंने श्रोताओं को जीवन, आस्था और आत्मविश्वास की उस यात्रा पर ले जाना शुरू किया, जो अंततः सपनों के मुकाम तक पहुँचती है। उन्होंने कहा कि जीवन का सफर कभी पेंगुइन की तरह डगमगाता हुआ चलता है, लेकिन जो व्यक्ति सब कुछ छोड़कर सपनों के पीछे चल पड़ता है, वही अंततः अपने मुकाम तक पहुँचता है। उन्होंने दोहराया–जैसा बनना चाहते हो, वैसा सोचो, क्योंकि जैसा सोचोगे, वैसे ही बन जाओगे। वक्त सब कुछ देखता है, मैंने भी सब कुछ अपनी आँखों से देखा है। उनकी ये पंक्तियाँ श्रोताओं के मन में लंबे समय तक गूंजती रहीं। इसके बाद आलोक श्रीवास्तव ने हीरामन की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि कहानी कहना कला नहीं, बल्कि कहानी को सुनना असली कला है। हीरामन उस व्यक्ति का प्रतीक है, जिसने ठान लिया था कि एक दिन दुनिया उसके लफ़्ज़ों से उजाला लेगी। यह कहानी इतनी आत्मीय थी कि सभागार में उपस्थित हर श्रोता खुद को हीरामन में देखने लगा–मानो वह कहानी किसी और की नहीं, उसी की अपनी हो।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरविजय सिंह बाहिया, डॉ. अशोक विज, सुनीता विज, राजीव भूषण, डॉ. रंजना बंसल, डॉ. नीतू चौधरी, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, पवन आगरी, रजत कपूर, दीपिका वासन, अजय शर्मा, लवली कथूरिया, विनीत खेड़ा, वेदपाल धार, डॉ. शर्मिला पंजवानी आदि उपस्थित रहे।

# पारंपरिक परिधान पहन कर दौड़े मैराथन के धावक

## सामाजिक एकता और देश प्रेम के साथ झलकी सांस्कृतिक विरासत

■ आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं आगरा नगर निगम द्वारा आगरा ताज हाफ मैराथन के प्रचार के लिए आयोजित की गई तृतीय प्रोमो रन

एनएनआई



**आगरा।** आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं आगरा नगर निगम द्वारा आगरा ताज हाफ मैराथन के प्रचार के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर तृतीय प्रोमो रन का आयोजन किया गया। संजय प्लेस स्थित नगर निगम पार्क से शुरू की गई तीन किलोमीटर की इस प्रोमो रन में पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर दौड़ते ढाई सौ से अधिक हर आयु वर्ग के धावकों ने सामाजिक एकता और देश भक्ति के साथ भारतीय संस्कृतिक विरासत का अनुपम संदेश दिया। मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर और विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने ध्वजारोहण करने के बाद धावकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वास्थ्य व फिटनेस के साथ भारतीयता को बढ़ावा देने वाली इस अनूठी पहल की भूरि भूरि सराहना की। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार व सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने फ्लैग दिखाकर प्रोमो रन का शुभारंभ किया। इस दौरान आगरा स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. विकास मित्तल, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष संदीप ढल, आयोजन सचिव डॉ. संजय गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक गोपाल शर्मा, आवेग मित्तल, भरत सारस्वत, महेश सारस्वत, जय यादव, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. वर्षा गुप्ता, सर्वेश, तुषार, गोपाल अग्रवाल और अशोक कुशवाह भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# सड़कों पर उतरने लगा यूजीसी का विरोध

## सवर्ण समाज ने विरोध में निकाला शांतिपूर्ण कैंडल मार्च

एनएनआई




**आगरा।** ताजनगरी में भी यूजीसी कानून का विरोध अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। यूजीसी की नीतियों के विरोध में सवर्ण समाज द्वारा एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च सायं 5 बजे शहीद स्मारक, संजय पैलेस, आगरा से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जागरूक नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

आयोजकों ने बताया कि यूजीसी द्वारा लागू किए जा रहे नए कानून शिक्षा के मूल सिद्धांतों, समानता के अधिकार तथा भारतीय संविधान की भावना के विपरीत हैं। इन नीतियों से समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न होगी तथा इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव छात्रों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारों पर पड़ेगा। कैंडल मार्च के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि देश की शिक्षा व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव, अन्याय या मनमानी स्वीकार नहीं की जाएगी। यह आंदोलन किसी एक वर्ग विशेष तक सीमित न होकर समस्त समाज के भविष्य एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। सवर्ण समाज ने शहर के सभी जागरूक नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर इस शांतिपूर्ण जनांदोलन को अपना समर्थन दें। इस मौके पर कपिल बाजपेई, डॉ. मदन मोहन शर्मा, दिलीप बंसल, डॉ. मुनेश्वर गुप्ता, नितिन जौहरी, नकुल सारस्वत, विधायक शर्मा, दीपक सारस्वत, विजय यादव, अनिल शर्मा, गोपाल शर्मा, संतोष पांडेय, एडवोकेट अश्वनी शर्मा, विशाल शर्मा, योगेश कुलश्रेष्ठ, मनीष गौतम, राकेश शर्मा, आलोक दीक्षित, त्रिभुवन भारद्वाज, बिट्टू पंडित, रवि गोयल, सागर बंसल, मंजू बाजपेई, तनिष्का बाजपेई, अपेक्षा गोयल, गोरी गोयल, आस्था बंसल, जूली बंसल, शाहरुख, अभिषेक शर्मा, विमल गुप्ता, आशीष पचौरी, कौशलेंद्र शर्मा, सैम यादव, ललित बंसल, गौरव शर्मा एवं हरिओम तिवारी उपस्थित रहे।

## शिवसेना ने यूजीसी को बताया काला कानून

**आगरा एनएनआई।** देश के शिक्षण संस्थानों में यूजीसी कानून व प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य व उनके साथियों के साथ कि गई बर्बरता को लेकर शिव सैनिकों में आक्रोश है। शिव सेना मुख्यालय पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख वीनू लवानिया ने कहा कि आज केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश कि सरकार सवर्ण और सनातन धर्म के विरोध में है क्योकि भारतीय जनता पार्टी अपने आप को सनातनी कहते चले आयी है, पर सरकार कि झूठ की कलई खुल गई है। प्रयागराज माघ मेले में अमावस्या के स्नान पर शंकराचार्य व उनके साथियों के साथ की गई अभद्रता प्रदेश सरकार द्वारा कराई गई सनातन प्रहरीयों की पिटाई, हिन्दुत्व व सनातन के विरोध में है। शिव सेना कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और केंद्र सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान देश के सभी शिक्षण संस्थानों में यूजीसी कानून लाकर सवर्णों को अपमानित करने का काम किया है। अगर प्रदेश सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो शिव सैनिक सड़कों पर उतर कर प्रदेश में आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। प्रेस वार्ता में उप प्रमुख विनायक माने, कमल गुलाटी, महासचिव राकेश सचदेवा, सुरेश प्रजापति, रश्मी वर्मा, अंजली माहोर, अरुन कुमार, सेठ लच्छी राम, सपना राजपूत, आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।





## पीवीआर पब्लिक स्कूल

**आगरा एनएनआई।** गणतंत्र दिवस पर पीवीआर पब्लिक स्कूल का ध्वजारोहण पी वी आर जनकल्याण सेवा समिति नया बास लोहामंडी पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक क्षेत्रीय पार्षद हेमन्त प्रजापति रहे। सरस्वती पूजन सुरेंद्र व पवन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। बच्चो ने सरस्वती वंदना कार्यक्रम का शुभारंभ किया व देशभक्ति गीत पर नृत्य किया। संस्थापिका प्रिया श्रीवास्तव, वैष्णवी, प्रकृति, कीर्ति, हर्षित आदि उपस्थित रहे।

## मेराकी ने कैंसर रोग के प्रति किया जागरूक

एनएनआई



**आगरा।** मेराकी सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक बाग फरजाना सिविल लाइन द्वारा नेशनल सेलिब्रेट गर्ल चाइल्ड डे के अवसर पर मंगलवार को जागरूकता पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को कैंसर रोग से बचाव और उपचार से अवगत कराते हुए वैक्सीनेशन करने की अपील की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिखा शर्मा वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट, डॉ अभिषेक पाठक और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमा शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि शिखा शर्मा ने बालिकाओं को संबोधित कर जागरूक किया। स्वागत भाषण क्लीनिक के डायरेक्टर वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर अभिषेक पाठक द्वारा दिया गया। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमा शर्मा ने बालिकाओं को जागरुक करते हुए सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर के कारण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं से एनीमिया से बचाव के लिए उचित खानपान और नियमित व्यायाम करने की भी बात कही। इस दौरान बालिकाओं को हेल्थ इज वेल्थ का संदेश देते हुए उपहार भी वितरित किए गए। अंत में डॉ. अभिषेक पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। व्यवस्थाएं विष्णु गौतम, शुभम रावत, अमित कुमार, मोनू चौधरी ने संभाली।

## 11 बेटियों के सामूहिक विवाह एवं एकादशी उद्यापन की रस्में शुरू

एनएनआई



**आगरा।** हरि बोल ट्रस्ट आगरा द्वारा आयोजित 11वें सामूहिक एकादशी उद्यापन एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 28 जनवरी से 30 जनवरी तक एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर, बलकेश्वर रोड आगरा पर किया जा रहा है। 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा।

बुधवार को एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर में मेहंदी उत्सव, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर एक नाटक का आयोजन और महिला संगीत में 11 बेटियों ने अपने हाथों में पिया के नाम की मेहंदी रचाई। सामूहिक विवाह और एकादशी उद्यापन के लिए कार्यक्रम स्थल पर मंच और मंडप तैयार हो गए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य तैयारियों में लगे हैं। बेटियों के विवाह को लेकर सभी उत्साहित हैं।

ट्रस्ट की संस्थापिका ममता सिंघल ने बताया कि 28 जनवरी को मेहंदी उत्सव और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल (जीतू) ने बताया कि 30 जनवरी को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। वैदिक रीति रिवाज से विवाह की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराई जाएगी। शाम को बेटियों की विदाई होगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ममता सिंघल, जितेंद्र गोयल, मोहन अग्रवाल, वीरेंद्र मित्तल, हरीश पंजवानी, महेश निषाद, मोहित अग्रवाल, शिवमंगल गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, मोहित अग्रवाल, शैलू गौतम, अनिकेत अग्रवाल, विष्णु कटारा, नीरज शाक्य, भोला अग्रवाल, यश अग्रवाल एवं महिला मंडल विनीता अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, डोली अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, प्रियंका गोयल, प्रतिभा मित्तल, कल्पना अग्रवाल, नीता बत्रा, मीना गर्ग, राजकुमारी, मीनू जिंदल, सीमा अग्रवाल, रुचि गोयल, राखी गुप्ता, पूजा गुप्ता, शिल्पी गोयल, सुनीता कपूर, नेहा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, श्वेता शर्मा, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## वरदान वेलफेयर सोसाइटी के निशुल्क चिकित्सा एवं दवाई वितरण शिविर का उठाया लाभ

**आगरा एनएनआई।** वरदान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं दवाई वितरण शिविर का आयोजन स्टार किड्स स्कूल सेक्टर 1 बोदला पर हुआ। इसमें 456 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। उद्घाटन समाज सेवी मुकुल अग्रवाल, स्टार किड्स स्कूल के प्रबंधक अभिषेक शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर और समाज सेवी विनय अग्रवाल रहे। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ललित भसीन, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ अल्का बिंदल, जनरल फिजिशियन डॉ रोहित जैन और दंत चिकित्सक डॉ अंकित गुप्ता ने सेवा प्रदान की। अध्यक्षा शीतल अग्रवाल ने की। कुमार पुष्कर, सुनील जैन, राहुल जैन, संध्या जोशी, सुभाष गुर्जर,बबली धाकड़ आदि मौजूद रहे।



# मलपुरा में दबंगों की गुंडागर्दी

## ऑटो चालक से 10 हजार की छिनैती, जातिसूचक गालियां

एनएनआई



**मलपुरा।** मलपुरा नहर चौराहे पर पांच दबंगों ने ऑटो चालक भूपेंद्र सिंह और उसके भाई धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और 10 हजार रुपये छीन लिए। दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

चार दिन बीत जाने के बाद भी थाना मलपुरा में मुकदमा दर्ज न होने से बाल्मिक समाज में भारी रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। समाज के नेताओं ने कहा कि अगर जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। थाना मलपुरा प्रभारी राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने ऑटो को लेकर मलपुरा नहर चौराहे पर खड़ा था। तभी पांच दबंगों ने उन पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि दबंगों ने उनकी जेब से 10 हजार रुपये छीन लिए और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# मंदिरों से घंटे चोरी करने वाले दो बदमाश पकड़े



एनएनआई

**बाह।** कुतझरा (सिधावली) के काली माता मंदिर में 17 जनवरी को घंटे और श्रृंगार का सामान चोरी करते हुए दो बदमाश सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे। मंगलवार की रात बाह पुलिस ने चैकिंग में ऑटो समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर मंदिरों से घंटे चोरी होने की वारदातों का खुलासा कर दिया। 17 जनवरी को कुतझरा (सिधावली) के काली माता मंदिर से घंटा और श्रृंगार का सामान चोरी करने के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे। पुजारी परशुराम ने बाह थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि मंगलवार की रात पुलिस छदामी मठ के पास चैकिंग कर रही थी। पुलिस ने एक ऑटो को रोका तो उसमें सवार दो लोगों ने भागने का प्रयास किया, दोनों को पकड़ा और पूछताछ की तो उन्होंने खुद को खेडा राठौर के भगतनपुरा गांव के शैलेन्द्र उर्फ टूटा उर्फ भूरी उर्फ नंदकिशोर उर्फ संतोष एवं बाह के डेरक गांव का मनोज बताया।

ऑटो में पीतल के 31 घंटे, आरी, भाला, सब्बल के बारे में पूछताछ करने पर दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने काली माता मंदिर समेत और भी मंदिरों से भगतनपुरा के राजेश, नाहर सिंह साथ मिल कर चोरी किए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वारदातों में शामिल दोनों साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।

# सीएचसी सीकरी पर महिला की मृत्यु से मचा हड़कंप

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सीएचसी सीकरी में उपचार को लेकर लापरवाही के आरोप लगाते हुए एक महिला की मृत्यु का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान शहनाज (पत्नी सलीम), निवासी गली मुतबलियान, ऊपर पहाड़ के रूप में हुई है।

मृतका के पति सलीम का आरोप है कि देर शाम उनकी पत्नी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ऑक्सीजन की कमी महसूस होने पर उन्होंने एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। इसके बाद वे अपनी पत्नी को निजी वाहन से सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उपचार में देरी हुई और ऑक्सीजन उपलब्ध न होने के कारण उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई।

महिला की मौत के बाद परिजन सीएचसी पर हंगामा करने लगे। जिसके बाद सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। अधीक्षक राजकमल का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर थी और उपचार शुरू करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाया, जिसके कारण मरीज की मृत्यु हो गई। सीकरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कच्चे पक्के मार्गो पर जल भराव से बढ़ी परेशानी, लोगों में रोष

**बाह** एनएनआई। बारिश से कच्चे पक्के मार्गो पर हुए जल भराव ने ग्रामीण किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बाह क्षेत्र में कच्चे मार्गो पर तो जल भराव से दलदल और फिसलन के हालात हैं ही, पक्के मार्गो पर भी हुए गड्ढों में पानी भरने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी गड्ढे न भरे जाने से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। बाह में कैंजरा मार्ग के जोड़ पर एक नहीं, कई गहरे और चौड़े गड्ढे हो गये हैं। भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया, जयवीर सिंह प्रधान, नेपाल सिंह, बनवारीलाल, उमाशंकर ने बताया कि गहरे गड्ढों में पानी भरने से हादसे का खतरा पैदा हो गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी लोक निर्माण विभाग की नींद नहीं टूटी है। धोबई में मंगदपुर मार्ग पर कई जगह बड़े और गहरे कटान हो गये हैं, गिट्टी तक उखड़ गई है। कई जगह ऐसी हैं कि महज सड़क के निशान ही बचे हैं। गड्ढों से छलनी हुई सड़क पर पानी भरने से मुसीबत बढ़ गई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी सड़क की मरम्मत न होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।



# मेले में दीवार गिरने से बच्चा घायल

**पिनाहट** एनएनआई। मेले में दीवार गिरने से तंबू में खाना खा रहा मजदूर का बच्चा घायल हो गया। जिसे स्वजन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा के रामलीला मैदान में पौष मास का मेला लगा हुआ है।?जिसमे दूर दराज से दुकानदार आकर अपनी दुकानें लगाते हैं। इसी मेरे में धौलपुर के वाटर वर्क्स कोलोनी के चार पांच परिवारों के करीब बीस सदस्य जिनमें पिंटू , श्यामू,दीपू, आशा, नेहा, भारो ने चक्की पाट बनाकर बेचने की दुकान लगाई है। बुधवार शाम करीब पांच बजे तंबू में पिंटू का 6 वर्षीय पुत्र अक्षय खाना खा रहा था। तभी पीछे लगी एक दीवार तेज आवाज के साथ इनके तंबू के ऊपर गिर पड़ी। जिससे अक्षय घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आए लोगों ने अक्षय को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां हल्की चोट होने के कारण उपचार के बाद स्वजन उसे वापस ले आए। किन्तु दीवार के मलबे से इन तंबुओं में रखा खाने पीने का सामान सहित अन्य सामान बर्बाद हो गया है।



# उज्ज्वला योजना से गांवों में आई स्वच्छ ऊर्जा की क्रांति

एनएनआई




**खंदौली।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत बुधवार को आवलखेड़ा स्थित सूरज फार्म हाउस में निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह चौहान रहे, जबकि नेशनल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं समाजसेवी सुशील चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।


इस अवसर पर परमार एचपी गैस ग्रामीण वितरण केंद्र, गढ़ी फौजी के माध्यम से कुल 221 पात्र लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित किए गए। गैस कनेक्शन प्राप्त करते ही महिलाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

मुख्य अतिथि राम प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों, विशेषकर महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। विशिष्ट अतिथि सुशील चौहान ने कहा कि स्वच्छ ईंधन उपलब्ध होने से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है और यह योजना सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक मजबूत कदम है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आवलखेड़ा रविंद्र चौहान, चौहान हॉस्पिटल के डायरेक्टर भूपेंद्र चौहान, अतुल चौहान, राजू परमार, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पहचान के मुद्दे पर चुनाव




देश का राजनीतिक मुकाबला भाजपा बनाम प्रादेशिक पार्टियों का बनता जा रहा है।भारतीय जनता पार्टी पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति को स्थापित करने की बेहद आक्रामक राजनीति कर रही है। प्रादेशिक पार्टियों के पास इसकी काट के लिए सिर्फ भाषायी और क्षेत्रीय पहचान का मुद्दा दिख रहा है। कांग्रेस इस पूरे विमर्श से बाहर हो गई दिखती है। ऐसा लग रहा है कि उसको कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि किस वैचारिक धरातल पर अपनी राजनीतिक रणनीति बनाए।महाराष्ट्र में इसकी एक परीक्षा हुई है और भाजपा ने मराठी मानुष की पहचान की उद्धव और राज ठाकरे की राजनीति को बुरी तरह से परास्त किया। बहरहाल, इस राजनीति की पड़ताल अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में होने वाली है। ये पांचों राज्य भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति वाले राज्य हैं। पश्चिम बंगाल में बांग्ला अस्मिता का मुद्दा है तो असम में भाषा और संस्कृति दोनों राजनीतिक संघर्ष का विषय बने हैं। उधर तमिलनाडु में भाषायी और क्षेत्रीय दोनों अस्मिता का मुद्दा है तो केरल में अब जाकर सत्तारूढ़ लेफ्ट पार्टी ने मलयालम भाषा की अस्मिता को राजनीति में आजमाने का फैसला किया है। राज्य की लेफ्ट मोर्चा की सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से हिंदी थोपे जाने का मुद्दा उठाया है और मलयालम भाषा बिल पेश किया है, जिसका मकसद मलयालम को नंबर एक और पहली भाषा बनाना है।केरल में मलयालम भाषा का मुद्दा बनना यह दिखाता है कि पहचान की राजनीति किस दौर में पहुंच गई है और भाजपा के हिंदुत्व व विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए पार्टियां किस हद तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा की बढ़ती ताकत से आशंकित हैं। इसलिए वे भाजपा के हिंदुत्व और विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए इस बार सिर्फ बांग्ला भाषा, अस्मिता व संस्कृति के नैरेटिव पर भरोसा नहीं कर रही हैं, बल्कि उसमें हिंदुत्व का तड़का भी लगा रही हैं। उन्होंने बुनियादी रूप से बांग्ला अस्मिता का मुद्दा बनाया है और बांग्ला भाषियों पर दूसरे राज्यों में हो रहे कथित उत्पीड़न को बार बार उठा रही हैं। उन्होंने इस बार हिंदुत्व का मुद्दा उसमें जोड़ दिया है। उन्होंने न्यू कोलकाता टाउन में दुर्गा आंगन की नींव रखी है।इसी तरह सिलिगुड़ी में सबसे बड़े महाकाल मंदिर की नींव उन्होंने रखी।इससे पहले ममता दीघा में जगन्नाथ धाम बनवा चुकी हैं। उन्होंने दुर्गापूजा में पंडालों को पहले से ज्यादा पैसे बांटे हैं। सो, वे भाषायी और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ हिंदुत्व का मुद्दा जोड़ रही हैं ताकि भाजपा का मुकाबला कर सकें। एमके स्टालिन पूरी तरह से भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर भाजपा से टक्कर लेते दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके प्रदेश की भौगोलिक स्थिति पश्चिम बंगाल से भिन्न है और जनसंख्या संरचना भी उससे अलग है। स्टालिन पूरी तरह से तमिल अस्मिता और भौगोलिक विभाजन पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका जवाब देने के लिए भाजपा के पास सीधे कोई मुद्दा नहीं है और इसलिए उसने अन्ना डीएमके से तालमेल करके उसको आगे किया। भाजपा का कुछ काम नई बनी पार्टी के नेता विजय भी कर सकते हैं। फिर भी बाकी राज्यों के मुकाबले तमिलनाडु का मामला अलग है। वहां भाजपा के पास भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे का जवाब नहीं है।असम की स्थिति तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के बीच वाली है। असमिया भाषा और अहोम संस्कृति का मुद्दा असम में केंद्रीय नहीं है। वहां भाजपा ने बड़ी होशियारी से सांप्रदायिकता के एजेंडे को घुसपैठ से जोड़ दिया है। वह जनसंख्या संरचना बदलने और घुसपैठियों द्वारा भारत की लाखों एकड़ जमीन कब्जा करने का मुद्दा बना कर लड़ रही है।असम में भी 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। तभी भाजपा घुसपैठ का मुद्दा बना कर 70 फीसदी हिंदुओं में से ज्यादातर का वोट लेने में कामयाब हो जाती है। इस काम में उसे असम गण परिषद और बीपीएफ या यूपीपीएल जैसी क्षेत्रीय पार्टियों का साथ मिल जाता है। इस बार कांग्रेस के गौरव गोगोई ने असम की सांस्कृतिक व जातीय पहचान का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों से तालमेल किया है। इससे वहां की लड़ाई दिलचस्प हो गई है।



# कौन संभालेगा अजित पवार की बारामती सीट की विरासत?

## पत्नी से भतीजे युगेंद्र तक, अब किसकी दावेदारी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बुधवार को एक विमान हादसे में निधन हो गया। इस घटना में चार अन्य लोगों की जान चली गई। अजित पवार के निधन के साथ ही अब महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य पैदा हुआ है, जिसे आसानी से भरा नहीं जा सकता। खासकर उनके अपने विधानसभा क्षेत्र बारामती में, जहां अजित पवार साढ़े तीन दशक तक एकछत्र राज करते रहे। हालांकि, अब अजित पवार के निधन के बाद से ही उनकी विरासत संभालने पर चर्चाएं होने लगी हैं।

दरअसल, बारामती को पवार खानदान का गढ़ कहा जाता रहा है। इस विधानसभा सीट पर 1967 से शरद पवार अजेय रहे। 1991 में शरद के लोकसभा जाने के बाद अजित यहां से जीतते रहे। फिर चाहे उन्होंने चाचा शरद पवार के साथ चुनाव लड़ा हो या अपनी अलग पार्टी बनाने के बाद। आलम यह रहा कि इस सीट पर कोई भी अजित पवार को चुनौती नहीं दे पाया, फिर चाहे वह उनके ही परिवार का कोई और सदस्य क्यों न रहा हो।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर बारामती सीट का क्या इतिहास है और अजित पवार यहां कैसे लगातार चुनाव लड़ते हुए छा गए? अजित पवार निधन के बाद बारामती की विरासत कौन संभालेगा? कौन-कौन उनकी विरासत संभालने का दावेदार माना जा रहा है? इन चेहरों का पारिवारिक और राजनीतिक इतिहास क्या है? आइये जानते हैं...

**बारामती सीट का क्या है इतिहास, अजित पवार के रुतबे की कहानी?**

बारामती विधानसभा क्षेत्र महाराष्ट्र की सबसे चर्चित और हाई-प्रोफाइल सीटों में से एक है। इसे मुख्य रूप से पवार परिवार के गढ़ के तौर पर जाना जाता है, जहां 1967 से इस परिवार का अटूट राजनीतिक दबदबा रहा है।

**1. शुरूआती वर्ष (1952-1962)**

1952: कांग्रेस के गुलाबराव मुलिक पहले विधायक चुने गए थे।

1957: चुनाव में पीडब्ल्यूपी के नानासाहेब जगताप ने जीत हासिल की।

1962: कांग्रेस की मालतीबाई शिरोले यहां से विधायक बनीं।

**2. शरद पवार युग का उदय (1967-1991)**

1967-1990: शरद पवार ने 1967 में पहली बार बारामती से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बारामती को पवार परिवार का गढ़ बनाने में शरद पवार का अहम योगदान रहा और वे 1972, 1978, 1980, 1985 और 1990 में भी यहां से जीते। हालांकि, उनकी यह जीत तब कांग्रेस, कांग्रेस (यू) और भारतीय कांग्रेस (समाजवादी) के टिकट पर आई।

**3. अजित पवार युग की शुरूआत (1991-1994)**

1991: अजित पवार ने पहली बार उपचुनाव में इस सीट पर कब्जा किया और तब से वे लगातार यहां का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने 1991, 1995, 1999, 2004, 2009, 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में लगातार जीत हासिल की है।

**4. 2024 का ऐतिहासिक 'पवार बनाम पवार' मुकाबला**

पारिवारिक विभाजन: 2023 में राकांपा में विभाजन के बाद, 2024 के विधानसभा चुनाव में पहली बार पवार परिवार के दो सदस्य आमने-सामने थे। अजित पवार (राकांपा) का मुकाबला उनके भतीजे युगेंद्र पवार (राकांपा-एसपी) से हुआ। अजीत ने 1,00,899 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

**बारामती में कौन संभाल सकता है अजित की विरासत?**

**1. सुनेत्रा पवार**

अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को बारामती में अपने पति की विरासत संभालने का बड़ा दावेदार माना जा रहा है। सुनेत्रा अभी राज्यसभा सांसद हैं और बारामती टेक्सटाइल कंपनी की अध्यक्ष भी हैं। वे इससे पहले बारामती लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं और सुप्रिया सुले के 51% वोटों के मुकाबले 40% वोट जुटा चुकी हैं।

**2. पार्थ पवार**

अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को भी उनके संभावित उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, राजनीति में वह काफी समय तक सक्रिय नहीं रहे। पार्थ पवार आमतौर पर पिता की तरह जमीन पर उतरते और राजनीतिक प्रचार करते नहीं दिखे हैं। हालांकि, 2025 में पुणे के मुंधवा जमीन सौदे को लेकर भी उनका नाम चर्चा में आया था। उन्होंने 2019 में मावल निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब उन्हें अजित पवार के समर्थकों के लिए एक युवा और स्थायी चेहरे के रूप में पेश किया जा सकता है।

**3. जय पवार**

अजित पवार के छोटे बेटे जय पवार अब तक राजनीति में नहीं उतरे हैं। अगर वे चुनावी मैदान में उतरते हैं, तो वे पवार परिवार के सातवें सदस्य होंगे जो सक्रिय चुनावी राजनीति का हिस्सा होंगे। जय पवार भले ही अब तक राजनीति में नहीं उतरे हैं, लेकिन अजित पवार ने कुछ समय पहले खुद संकेत दिया था कि अगर कार्यकर्ताओं और जनता की इच्छा हो, तो जय पवार उनकी पारंपरिक बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। हाल के समय में जय ने बारामती के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करना और ग्रामीणों के साथ बातचीत करना शुरू कर दिया है। इसे राजनीतिक हलकों में उनके 'सॉफ्ट-लॉन्च' (राजनीति में प्रवेश की शुरुआत) के रूप में देखा जा रहा है।

**4. रोहित पवार**

शरद पवार के पोते और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार को भी उभरते सितारे के रूप में देखा जाता है। वे शरद पवार के सबसे बड़े भाई दिनकरराव (अप्पासाहेब) पवार के पोते और राजेंद्र पवार के बेटे हैं। रोहित पवार ने 2019 के बाद 2024 के विधानसभा चुनाव में अहमदनगर जिले की कर्जत-जामखेड सीट से जीत हासिल की थी। शरद पवार खुद रोहित को भविष्य की नेतृत्वकारी भूमिका के लिए तैयार किया है। रोहित पवार ने खुद कभी बारामती में चुनाव लड़ने को लेकर कोई संकेत नहीं दिया है। हालांकि, 2024 के चुनाव में कर्जत-जामखेड सीट पर उनकी जीत का अंतर कुछ हजार वोट ही था, जिस पर अजित पवार ने उनकी चुटकी भी ली थी। ऐसे में राकांपा (एसपी) आने वाले समय में रोहित को अपने परिवार की मजबूत सीट बारामती से लाकर इस गढ़ को और मजबूत कर सकती है।

**5. युगेंद्र पवार (शरद पवार गुट के मजबूत दावेदार)**

पवार परिवार में अंदरूनी टकराव का इतिहास लंबा है। पहला मौका सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार का मुकाबला था। वहीं, दूसरा मौका 2024 में ही आया, जब अजित पवार को बारामती सीट पर उनके भतीजे युगेंद्र ने चुनौती दे दी। युगेंद्र पवार ने बारामती से अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें यहां एक लाख से ज्यादा वोटों से हार मिली थी। जब युगेंद्र पवार ने 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार किया तो बारामती के कार्यकर्ताओं के बीच वे नवा दादा (नए दादा) के नाम से लोकप्रिय हुए। उन्हें यहां अजित पवार (जिन्हें दादा कहा जाता है) की राजनीतिक विरासत के विकल्प के रूप में देखा जाता है।

# बॉक्स ऑफिस पर उतार-चढ़ाव के बीच भी प्रभास सबसे आगे

भारतीय सिनेमा के पैन-इंडिया सुपरस्टार प्रभास हालिया फिल्म द राजा साब के बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद देश के सबसे कीमती अभिनेताओं की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। जबरदस्त चर्चा के बाद भी फिल्म की कमाई में आई गिरावट ने भले ही चौंकाया हो, लेकिन प्रभास की स्टार वैल्यू पर इसका खास असर नहीं पड़ा है। हालिया आकलन के मुताबिक प्रभास की कुल बाजार कीमत करीब 7,132 करोड़ रुपये आंकी गई है। बाहुबली, सालार और कल्कि 2898 एडी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई है। इन्हीं सफल प्रोजेक्ट्स के दम पर वह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में शुमार हैं। इस सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हिंदी सिनेमा के दिग्गज सितारे शाहरुख खान और सलमान खान हैं। वहीं आमिर खान, रजनीकांत और रणवीर सिंह भी शीर्ष दस में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराते हैं। प्रभास अब निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की अगली फिल्म स्पिरिट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे उनके प्रशंसकों को एक बार फिर बड़ी वापसी की उम्मीद है।



## सादगी में छुपा आकर्षण, युवाओं की पसंद बनीं तृप्ति डिमरी

युवा दर्शकों के बीच अभिनेत्री तृप्ति डिमरी तेजी से लोकप्रिय होती जा रही हैं। हाल ही में सामने आई उनकी तस्वीरों में सफेद परिधान में उनका सादा और सहज अंदाज लोगों को खूब भा रहा है। बिना तामझाम के यह लुक उनकी मुस्कान और भाव-भंगिमाओं को और निखारता नजर आता है। तृप्ति का यह अंदाज उस पीढ़ी को खास तौर पर पसंद आ रहा है, जो दिखावे से ज्यादा स्वाभाविकता और आत्मविश्वास को महत्व देती है। उनकी आंखों की अभिव्यक्ति और चेहरे की सादगी एक शांत लेकिन प्रभावशाली व्यक्तित्व को दर्शाती है। फिल्म एनिमल से मजबूत पहचान बनाने के बाद तृप्ति एक बार फिर चर्चा में हैं। वह निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की आगामी फिल्म स्पिरिट से जुड़ी हैं, जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट उनके करियर का अहम मोड़ साबित हो सकता है।



## मां बनने के बाद बदले फैसले, बेटी के लिए शूटिंग छोड़ स्कूल पहुंचीं श्रिया सरन

अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में एक बातचीत में मां बनने के बाद अपनी जिंदगी में आए बदलावों को साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार वह अपनी बेटी के खेल दिवस में शामिल होने के लिए आधी रात की उड़ान से घर लौटीं और सीधे शूटिंग के बाद अपने किरदार के वेश में ही स्कूल पहुंच गईं। श्रिया ने कहा कि मातृत्व के बाद प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल जाती हैं। अब किसी प्रोजेक्ट को चुनते समय वह सिर्फ भूमिका या कहानी नहीं देखतीं, बल्कि यह भी सोचती हैं कि वह काम अपने बच्चे से दूर बिताए जाने वाले समय के लायक है या नहीं। उनके अनुसार, मां बनने के बाद हर छोटा पल कीमती हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अब वह ऐसे काम करना चाहती हैं, जिन पर भविष्य में उनकी बेटी गर्व कर सके। पेशेवर मोर्चे पर श्रिया सरन इन दिनों ओटीटी वेब श्रृंखला स्पेस जेन में अपने अभिनय को लेकर सराहना बटोर रही हैं। 23 जनवरी को रिलीज हुई इस श्रृंखला में उन्होंने एक वरिष्ठ वैज्ञानिक की भूमिका निभाई है, जो भारत के चंद्रयान मिशन की पृष्ठभूमि पर आधारित है।



# चौथे टी20 में भारतीय टीम को मिली शिकस्त

## शिवम दुबे की मेहनत पर फिरा पानी, 3-1 पर पहुंची सीरीज



**विशाखापत्तनम।** न्यूजीलैंड ने भारत को चौथे टी20 मुकाबले में 50 रन से हरा दिया। मौजूदा सीरीज में यह मेहमानों की पहली जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को शुरूआती तीनों मुकाबलों में मात देकर सीरीज अपने नाम की। बुधवार को विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.4 ओवर में 165 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए शिवम दुबे ने 65 रनों की दमदार पारी खेली। इस मुकाबले के बाद अब यह सीरीज 3-1 पर पहुंच गई है।



### भारतीय बल्लेबाजों पर भारी पड़े न्यूजीलैंड के गेंदबाज

216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर अभिषेक शर्मा आउट हो गए और इसके तुरंत बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। शुरूआती झटकों से भारत दबाव में आ गया। इसके बाद रिंकू सिंह और संजू सैमसन ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन दोनों बल्लेबाज रन गति बढ़ाने में सफल नहीं हो पाए। रिंकू 39 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि सैमसन 24 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हो गए। हार्दिक पांड्या भी कोई खास योगदान नहीं दे सके और भारत 11 ओवर में 82/5 के स्कोर पर पहुंच गया। ऐसे मुश्किल समय में शिवम दुबे ने एक छोर संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा और खासतौर पर लेग स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में 29 रन बटोरकर मैच में जान फूंक दी। दुबे ने मात्र 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 23 गेंदों में 65 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें सात छक्के शामिल थे। इस दौरान उन्हें डीआरएस के जरिए एक जीवनदान भी मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। हर्षित राणा के साथ छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई, लेकिन राणा का योगदान सीमित रहा। दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट में दुबे के आउट होते ही भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। पूरी टीम 18.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत सीरीज में 3-1 से आगे है।



इससे पहले, न्यूजीलैंड की टीम ने आक्रामक शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट और डेवोन कॉनवे ने भारतीय गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बनाया। सीफर्ट ने पारी के पहले ही ओवरों में आक्रामक रुख अपनाया और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ दिए। इसके बाद उन्होंने हर्षित राणा और जसप्रीत बुमराह के खिलाफ भी बेहतरीन शॉट लगाए। न्यूजीलैंड ने मात्र चार ओवर में 50 रन पूरे कर लिए और पावरप्ले के अंत तक बिना विकेट गंवाए 71 रन बना लिए। सीफर्ट ने 36 गेंदों में 62 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। दूसरे छोर पर कॉनवे ने शुरूआत में संभलकर खेला लेकिन बाद में रवि बिश्नोई के एक ओवर में चौका और छक्का लगाकर रफ्तार पकड़ी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, इस साझेदारी को कुलदीप यादव ने तोड़ा जब कॉनवे 44 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में वापसी की और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड की पारी थोड़ी लड़खड़ा गई। मध्यक्रम में विकेट गिरने के बावजूद डेरिल मिचेल ने अंत के ओवरों में जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 18 गेंदों में नाबाद 39 रन बनाए और डेथ ओवरों में अहम छक्के लगाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए, जो भारत के सामने एक बड़ा लक्ष्य था।

# दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर लगा लाखों का जुर्माना

### गुजरात के खिलाफ मैच में हुई थी बड़ी गलती



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर गुजरात जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि, मंगलवार को वडोदरा में खेले गए मैच में गुजरात ने दिल्ली को तीन रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। यह जेमिमा का पहला धीमी ओवर गति का अपराध था, जिसके चलते उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पिछले हफ्ते लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स को इस हार से प्लेऑफ की दौड़ में नुकसान हुआ है। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 174 रन बनाए, जिसमें आखिरी ओवर में 15 रन आए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरूआत खराब रही, लेकिन सातवें विकेट के लिए हुई अहम साझेदारी ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा और मैच को आखिरी ओवर तक खींच ले गई। 17वें ओवर में महंगी साबित होने वाली सोफी डिवाइन ने 20वें ओवर में शानदार वापसी की और दबाव में संयम दिखाते हुए गुजरात को करीबी जीत दिलाई।

## गुरुवार, 29 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ रहने वाला है, विशेष रूप से आज शाम का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। दरअसल आज चंद्रमा का गोचर आपकी राशि से तीसरे और चौथे भाव में होने जा रहा है। ऐसे में आपको आज कार्यक्षेत्र में बड़े फैसले लेने होंगे।

वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन प्रभाव और सम्मान में वृद्धि करने वाला होगा। नौकरी में आज आपको पूर्व में किए काम का फायदा मिलेगा। आपका कोई साहसिक फैसला आपको आज लाभ दिलाएगा। अधिकारीवर्ग से आपको आज तालमेल बनाकर रखना होगा इससे आपको करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन मिश्रित रहेगा। दिन भर आज आपके ऊपर काम का दबाव रहेगा साथ ही मानसिक उलझन का भी आपको आज सामना करना होगा। आर्थिक मामलों में भी आज का दिन खचीर्ला रहने वाला है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको भाग्य से कम और परिश्रम से लाभ मिलेगा इसलिए आज प्रयास में कमी न करें। आपके लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी की वजह से से तनाव मिल सकता है।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपकी राशि से आज दसवें उपरांत ग्यारहवें भाव में चंद्रमा का गोचर होने जा रहा है। चंद्रमा के इस गोचर की वजह से आज आपको नौकरी में जहां मान सम्मान प्राप्त होगा वहीं आज आपको कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आज राशि स्वामी बुध के गोचर के साथ ही साथ चंद्रमा का गोचर भी आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ बड़े अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में आपका प्रभाव बढेगा।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपके सितारे बताते हें कि आज आपकी किसी उलझन का समाधान होगा और आपको करियर में कोई लाभदायक मौका मिलेगा। अधिकारियों के साथ ही साथ आज सहकर्मियों से भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आप आज कार्यक्षेत्र में अपना प्रभाव और सम्मान बनाए रख पाएंगे। आपको राजनीतिक संपर्क और परिचय का फायदा मिलेगा। आपकी कोई चाहत भी आज पूरी होगी।

धनु राशि के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। दिन भर भागदौड़ और परेशानी के बाद शाम का समय आपका मनोरंजक और सुखद बीतेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ उलझन और तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आपको आज भाग्य एक से अधिक स्रोत से लाभ प्रदान करेगा। और सबसे बड़ी बात की आज आपको कुछ अप्रत्याशित लाभ भी मिलेगा। आपका सरकारी क्षेत्र में अटका काम आज पूरा हो जाएगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभ और सुख में वृद्धि करने वाला रहेगा। आज सितारों की गणना से मालूम होता है कि चंद्रमा आपकी राशि से आज चतुर्थ उपरांत पंचम भाव में गोचर करेगा। चंद्रमा के इस गोचर के प्रभाव से आपकी फैमिली लाइफ आज सुखद रहेगी।

मीन राशि के जातको के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके लिए भाग्य उन्नति का अवसर तैयार कर रहा है। प्रॉपर्टी के काम में आज आपको लाभ मिल सकता है। नौकरी में आज आपको चतुर बुद्धि और अनुभव का लाभ मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# खाटू श्याम भजनों से गूंजा बल्केश्वर, तीन दिवसीय एकादशी उद्यापन का शुभारंभ

**श्याम नाम मेहंदी और भजन संध्या के साथ एकादशी उद्यापन का आगाज**

एनएनआई



**आगरा।** श्री हरि बोल सेवा समिति की ओर से तीन दिवसीय सामूहिक 11वें एकादशी उद्यापन का आयोजन बल्केश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार शाम श्याम नाम की मेहंदी और रात्रि में आयोजित खाटू श्याम भजन संध्या के साथ हुई। भजन संध्या का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष केशव अग्रवाल, महामंत्री विक्की गर्ग, वरिष्ठ संरक्षक चंद्रेश गर्ग एवं उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल ने खाटू श्याम बाबा के समक्ष पावन ज्योति प्रज्वलित कर किया।

कलकत्ता से आई भजन गायिका प्रीति शर्मा ने श्याम नजरे देख लो अब खोल के, हम हैं श्याम के प्यारे... प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं भजन गायक त्रिलोकी शर्मा ने दर्शन करने आए, दर्शन करके जाएंगे..., पीयूष गोयल ने तेरे इस दरबार में इस सर का भी झुकना जरूरी था.. तथा प्रखर लोहिया ने मैं दुखिया नीर बहता, तू बैठा मौज उड़ाता... जैसे भजनों से भक्ति रस की वर्षा की। श्याम बाबा का दरबार दिल्ली से मंगाई गई रजनीगंधा व ऑर्चिड, बेंगलुरु के सफेद गुलाब व बेला के फूलों तथा कन्नौज के सुगंधित इत्रों से भव्य रूप से सजाया गया।

संस्था के संस्थापक भोलानाथ अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समिति की महिलाओं ने श्याम नाम के भजनों पर अपने हाथों में मेहंदी रचाई। खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम चाकरी परिवार द्वारा किया गया। आज एकादशी उद्यापन के तहत सुबह 8 बजे दीप प्रज्वलन, 9 बजे एकादशी कथा, 11 बजे आरती तथा दोपहर 12 बजे ब्राह्मण भोज का आयोजन होगा। कार्यक्रम का समापन कल सामूहिक प्रसादी के साथ किया जाएगा। सामूहिक एकादशी उद्यापन में मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश के लगभग 150 जोड़े सहभागिता कर रहे हैं। इस अवसर पर विनय वर्मा, योगेश गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, बबीता गोयल, सीमा सिंघल, प्रियंका वर्मा, विनीता गोयल, पूजा जैन, अंशिका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, प्रिय गुप्ता, राजना राना, मुस्कान तौमर, शालिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सनातन जन-जागरण एकता पदयात्रा में शामिल हो सकते है धीरेन्द्र शास्त्री

एनएनआई

- वृन्दावन से आगरा तक सनातन अलख को चार फरबरी को निकलेगी पदयात्रा

**आगरा।** सनकादिक सेवा ट्रस्ट की ओर से देश में सनातन संस्कृति के संरक्षण, गौ रक्षा और सामाजिक चेतना के उद्देश्य को लेकर हजारों साधु-संतों, धमार्चार्यों एवं सनातन अनुयायियों के साथ वृंदावन से आगरा तक सनातन जन-जागरण एकता पदयात्रा निकाली जाएगी। मीशेश्वर धाम के पीठाधीश्वर डॉ. विनितानंद आचार्य ने बताया कि पदयात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए धीरेन्द्र शास्त्री, अनिरुद्धाचार्य महाराज, देवीकी नंदन ठाकुर, पुंडरीक गोस्वामी, विनोद बाबा और सुतीक्ष्ण महाराज को निमंत्रण दिया गया है। सभी ने अपनी यात्रा में शामिल होने पर सहमति प्रदान की। पंच संकल्पों के साथ यह पांच दिवसीय पदयात्रा चार से आठ फरबरी तक निकाली जाएगी। चार फरवरी को वृंदावन स्थित कात्यायनी माता मंदिर से प्रारंभ होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि यह पदयात्रा सनातन धर्म की अलख जगाने, भारतीय संस्कृति की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगी। पदयात्रा कात्यायनी माता मंदिर से जय गुरुदेव, बरारी गांव स्थित माँ की रसोई, रैपुरा जाट के श्री राधा-कृष्ण मंदिर, आगरा में अरतौनी के श्री हनुमान मंदिर पर विश्राम एवं जनसंवाद करते हुए 8 फरवरी को राजपुर चुंगी स्थित श्री राजेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। कार्यक्रम समन्वयक अमन शुक्ला ने बताया कि यात्रा के संकल्पों में देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, ब्रज क्षेत्र में मांस एवं मदिरा की बिक्री पर रोक, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा, विद्यालयों में संस्कृत भाषा एवं श्रीमद्भागवत गीता का अनिवार्य अध्ययन तथा सनातन मूल्यों की पुनः स्थापना शामिल हैं।

# देशभक्ति के स्वर में गूंजा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**साहित्य निधि एवं ओपन कला मंच ने रैंबो संस्था के तत्वावधान में किया आयोजन**

**आगरा (एनएनआई)।** अपने घरों को सारे लोग बचा लेंगे किंतु, कौन है जो प्राण देके देश को बचाएगा?, इन ओजस्वी पंक्तियों के साथ देशभक्ति, वीर रस और राष्ट्र चेतना से सराबोर गणतंत्र दिवस के रंग कवियों के संग राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन रैंबो संस्था के तत्वावधान में साहित्य निधि एवं ओपन कला मंच द्वारा खंदारी कैंपस स्थित जेपी सभागार में सम्पन्न हुआ। शहीदों को नमन एवं मातृभूमि के सम्मान को समर्पित इस कवि सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश से पधारे ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपने ओजस्वी काव्यपाठ से सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश चंद्र गर्ग, अजय भार्गव, सुनील शर्मा, विजेंद्र रायजादा, डॉ सोनू दीक्षित, रोहित जैन, सतीश चंद्र बंसल, कुलदीप ठाकुर, अखिलेश चन्द्र सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शहीदों के स्मरण के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि कविता राष्ट्र की आत्मा होती है और ऐसे आयोजन समाज में चेतना का संचार करते हैं। कार्यक्रम संयोजक हीरेंद्र हृदय ने कहा कि जब देश की अस्मिता पर प्रश्न उठते हैं, तब कलम ही सबसे बड़ा शस्त्र बनती है। लोग रखते होंगे, कलेजा सीने में, हम तो हथेली पेलिए फिरते हैं, पंक्तियों का पाठ अजय रंगीला ने किया। कवि मोहित सक्सेना ने देशहित में त्याग और बलिदान का आह्वान करते हुए कहा–अपने घरों को सारे लोग बचा लेंगे किंतु, कौन है जो प्राण देके देश को बचाएगा? शिवाजी, राणाप्रताप, अब्दुल हमीद और शेखर भगत की नजीर बन जायेगी। डॉ. कमलेश शर्मा (इटावा) ने अन्याय के विरुद्ध कलम की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, जहां लोग अन्याय पर मौन रहते, वहां पर हमारी कलम बोलती है। व्यंग्य और सत्य के सशक्त स्वर में डॉ. शशिकांत यादव शशि ने प्रस्तुत किया, सब कीड़े बाहर निकले हैं, चुटकी भर तो सच बोला है। इस अवसर पर नारायण बहरानी, मनोज गुप्ता बाबा, कुलदीप पाठक, अंजुल कुलश्रेष्ठ, निर्मल चाहर, आरके गुप्ता, राकेश निर्मल आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने किया निरीक्षण



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल साइंसेस में माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी जी के मार्गदर्शन में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) का निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस निरीक्षण का उद्देश्य संस्थान में संचालित फार्मेसी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता एवं मानकों का मूल्यांकन करना रहा। निरीक्षण के दौरान फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. रवि शेखर के नेतृत्व में संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षण पद्धति, प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली, शोध सुविधाओं, पुस्तकालय व्यवस्था, आधुनिक उपकरणों तथा अन्य शैक्षणिक एवं भौतिक संसाधनों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम को छात्रों के लिए उपलब्ध अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित कार्य वातावरण, कंप्यूटर उपकरण तथा शिक्षण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. स्वेतलाना, डॉ. गौरव रजौरिया, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह एवं अरिंजय जैन ने निरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं से निरीक्षण टीम को अवगत कराया। निरीक्षण प्रक्रिया में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. बी. एस. शर्मा, प्रो. मनु प्रताप सिंह एवं डी.आर. श्री कैलाश बिंद की महत्वपूर्ण उपस्थिति में संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति, प्रशिक्षण, रिकॉर्ड संधारण, अकादमिक अनुशासन एवं भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण टीम ने संस्थान द्वारा अपनाई जा रही शैक्षणिक प्रक्रियाओं और विद्यार्थियों के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के सफल आयोजन में प्रो बृजेश तिवारी, पुस्तकालय प्रभारी डॉ सुनील कुमार उपाध्याय, डॉ मनोज यादव, डॉ विजय यादव, डॉ सजल अग्रवाल, राशि कुलश्रेष्ठ, मुकुल यादव, अंजली चौहान, अखलेश कुमार, शिवाली डिकोनिया, डॉ संजीव वर्मा, डॉ केसर सिंह, आदि, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रांतीय अधिवेशन में सफाई कर्मचारी भरेंगे हुंकार

एनएनआई




**आगरा।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि द्वारा हरियाली वाटिका में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया गया कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू के आहवान पर एक फरवरी को प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समूचे प्रदेश भर के सफाई कर्मचारी प्रतिनिधि भाग करेंगे और सफाई कर्मचारियों को मूल भूत समस्याओं और मांगो को लेकर रणनीति तय करेंगे कार्यक्रम का संयोजक चौधरी हर्ष चौहान को बनाया गया है और सभी सम्मानित पदकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है । उक्त अधिवेशन में मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर रहेंगी और दीप प्रजलित अनुसूचित जाति एवं जन जाति आयोग उत्तर प्रदेश शासन के सदस्य उमेश कठेरिया द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य द्वारा की जाएगी अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है । जिलाध्यक्ष बिरजू नरवार, शिवम चौहान, संजय ऊंचिया, राज कठेरिया, साहिल चौहान, विवेक नरवार, राहुल चौहान, सोनू सिंह, राजेश चौहान, मानव चौधरी, जतिन कठेरिया, आदि लोग उपस्थित रहे।